<u>जिलाध्यक्षों व महासचिवों की मीटिंग 11 जून का कार्यवाही विवरण</u>

अनु.जाति,जनजाति आरक्षण मंच की **<u>जिलाध्यक्षों व महासचिवों की मीटिंग 11 जून</u>** को **अम्बेडकर वेलफेयर सोसाईटी भवन, झालाणा सांस्थानिक क्षेत्र जयपुर में** मंच के अध्यक्ष श्रीमान जे.पी. विमल की अध्यक्षता में आयोजित हुई, मीटिंग में 10 जिलों के अध्यक्ष व महासचिवों के अलावा श्रीमान आर. के आकोदिया पूर्व न्यायाधीश, श्रीमान बी. एल मीणा पूर्व आई जी, प्रदेश महासचिव आशाराम मीणा एवं प्रदेश सचिव प्रभु लाल बैरवा उपस्थित थे।

सर्वप्रथम महासचिव ने गत मीटिंग का कार्यवाही विवरण एवं मंच की विगत दिनों की कार्यवाही के बारे में बताया तत्पश्चात मीटिंग में उपस्थित जिलाध्यक्षों व महासचिवों ने सदस्यता अभियान ओर आरक्षण मंच द्वारा प्रस्तावित आरक्षण अधिकार सम्मेलन पर अपने विचार प्रकट किए एवं जिलों की आरक्षण ओर सामाजिक स्थिति पर जिलों की स्थिति से अवगत कराया ओर पूर्ण रूपेण सहयोग का भरोसा दिलाया। मीटिंग में सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किए गऐ–

- सहारनपुर जातीय हिंसा के बारे में एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रप्रति एवं माननीय प्रधानमंत्री को सम्बन्धित जिला कलेक्टर के माध्यम से दिया जाऐ, जिसका प्रारूप सभी जिलाध्यक्षों को शीघ्र ही तैयार कर वेबसाईट के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। ***ज्ञापन की प्रति डाक से मुख्यमंत्री, राजस्थान व उत्तरप्रदेश सरकार को अवश्य भिजवावें।***
- गत मीटिंग के निर्णयानुसार प्रस्तावित आरक्षण अधिकार सम्मेलन जून कें बजाय सितम्बर 2017 में आयोजित किया जाऐ।
- आरक्षण मंच की गतिविधियों को गति देने एवं आरक्षण अधिकार सम्मेलन की तैयारियों पर विचार विमर्श हेतु संभाग स्तर पर जिलाध्यक्षों व महासचिवों की मीटिंग जुलाई, अगस्त 2017 माह में आयोजित की जाऐंगी, मीटिंग में 2 प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी भी भाग लेंगे।
- सदस्यता अभियान शुरू किया जाऐ इस हेतु पूर्व में तय सदस्यता शुल्क 500 रू. के स्थान पर 100 रूपये से ही सदस्य बनाऐ जाऐं ताकि अधिकाधिक सदस्य बन सकें।
- सामूहिक आरक्षण तथा सेवाओं के सम्बन्ध में जो समस्या जिला स्तर पर प्राप्त हों उन्हे कर्मचारियों से लेकर प्रदेश कार्यकारिणी को प्रेषित किया जाऐ।
- आरक्षण मंच अनु. जाति, जन जाति के सभी वर्गो के हितों के लिए कार्यरत है अतः केवल कर्मचारियों/अधिकारियों को नही बल्कि हर वर्ग यथा छात्र, अभिभावक, किसान, निजि व्यवसायी, मजदूर, महिला, सभी प्रकार के सदस्य बनाऐ जाऐ।
- प्रदेश स्तर की भांति जिला स्तर पर भी आरक्षण मंच का एक कोरप्स फण्ड बनाया जाऐ।

अन्त में सभी उपस्थित पदाधिकारियों व प्रबुद्ध जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया ओर मीटिंग का समापन किया गया ।

(प्रभु लाल बैरवा)
सचिव

(जे.पी.विमल)
अध्यक्ष

दिनांक

प्रतिलिपि– 1.समस्त पदाधिकारी प्रदेश कार्यकारिणी एवं सलाहकार मण्डल, आरक्षण मंच राजस्थान
2. समस्त जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति,जनजाति आरक्षण मंच, राजस्थान

(प्रभु लाल बैरवा)
सचिव अनु.जाति,जनजाति आरक्षण मंच, राजस्थान